Need to regulate sittings of DISHA Committee in Daman and Diu-Laid

श्री उमेषभाई बाबूभाई पटेल (दमन और दीव) : मैं UT of DNH & DD के प्रशासन द्वारा केंद्र सरकार की निर्देशिकाओं के उल्लंघन का एक अति आवश्यक सार्वजनिक महत्व का मुद्दा उठाना चाहता हूँ । 18 वीं लोक सभा के गठन के उपरांत, UT प्रशासन ने एक व्यवस्थित रूप से DISHA, MPLAD, और भारत सरकार द्वारा जारी अन्य संबंधित निर्देशिकाओं का निरंतर उल्लंघन किया है । मैं आपको अवगत करना चाहता हूँ कि 18 वीं लोक सभा के गठन के उपरांत दमण एवं दीव ज़िले में DISHA समिति की केवल एक-एक बैठक हुई है, जिसके मिनट्स अभी तक साझा नहीं किये गए हैं । मेरे द्वारा अनेकों अनुस्मारक भेजे जाने के बाद भी दोनों जिलों का प्रशासन निरन्तर रूप से केंद्र सरकार की निर्देशिकाओं का उल्लंघन कर रहा है । उसी तरह मेरे द्वारा अनुशंसित MPLAD के अधिकतर कार्यों को UT प्रशासन ने बेबुनियाद कारणों से, सरकारी निर्देशिकाओं के विरूद्ध जाकर, अस्वीकार कर दिया है । महत्वपूर्ण बैठकों एवं लोक कार्यो के समय पर ना होने से शासन और लोक कल्याण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है । मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह इस मामले का संज्ञान ले और UT प्रशासन को दिशानिर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित करने का निर्देश दे ।

<u>14.02 hrs</u>